राज्यसभा के उपसभापति (उपाध्यक्ष) और उनके कार्यकाल की सूची (वर्ष 1952 से 2018 तक)

राज्य सभा उपाध्यक्ष (उपसभापति) किसे कहते है?

भारत के उपराष्ट्रपति ही राज्यसभा के अध्यक्ष होते है, लेकिन जब किसी कारणवश राज्यसभा अध्यक्ष उपस्थित न हो तो उस समय राज्य सभा की कार्यवाही की अध्यक्षता राज्य सभा उपाध्यक्ष (उप-सभापति) द्वारा की जाती है। राज्य सभा के उपाध्यक्ष राज्य सभा द्वारा आंतरिक रूप से चुने जाते हैं। यह एक संवैधानिक पद होता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 89 में कहा गया है कि राज्यसभा अपने एक सांसद को उपसभापति पद के लिए चुन सकता है, जब यह पद खाली हो।

राज्यसभा के उपसभापति का चुनाव कैसे होता है?

राज्यसभा उपाध्यक्ष चुनने का नियम: राज्यसभा उपसभापति का चुनाव करने की प्रक्रिया बहुत ही सरल है। इस संवैधानिक पद के लिए कोई भी राज्यसभा सांसद अपने साथी सांसद के नाम का प्रस्ताव आगे बढ़ा सकता है। इस प्रस्ताव पर किसी दूसरे सांसद का समर्थन भी आवश्यक है। इसके साथ ही प्रस्ताव को आगे बढ़ाने वाले सदस्य को सांसद द्वारा हस्ताक्षरित एक घोषणा प्रस्तुत करनी होती है उसमें उसी व्यक्ति का नाम लिखा होता है, जिसका नाम वो प्रस्तावित करते है। इस प्रस्ताव में इस बात का भी उल्लेख रहता है कि निवार्चित होने पर वह उपसभापति के रूप में सेवा करने के लिए तैयार हैं।

प्रत्येक सांसद को केवल एक प्रस्ताव को आगे बढ़ाने या उसके समर्थन की अनुमति होती है। अगर किसी प्रस्ताव में एक से अधिक सांसद का नाम हैं तो इस स्थिति में सदन का बहुमत तय करेगा कि कौन राज्यसभा के उपसभापति के लिए चुना जाएगा। अगर सभी राजनीतिक दलों में किसी एक सांसद के नाम को लेकर आम सहमति बन जाती है, तो इस स्थिति में सांसद को सर्वसम्मति से राज्यसभा का उपसभापति चुन लिया जाएगा।

अब तक कितनी बार हो चुके है उपसभापति चुनाव:

राज्यसभा उपसभापति पद के लिए अबतक कुल 19 बार चुनाव हुए हैं और इनमें से 14 बार सर्वसम्मति से इस पद के लिए उम्मीदवार चुन लिया गया, मतलब चुनाव की नौबत ही नहीं आई। पहली बार वर्ष 1969 में उपसभापति पद के लिए चुनाव हुआ था। राज्यसभा उपसभापति को पूरी तरह से राज्यसभा के सांसद ही निर्वाचित करते हैं।

राज्य सभा उपसभापति 2018:

राज्य सभा के वर्तमान उपाध्यक्ष राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के हरिवंश नारायण सिंह हैं। एनडीए के उम्मीदवार हरिवंश नारायण सिंह को 09 अगस्त 2018 को सम्पन्न हुए राज्यसभा उपसभापति चुनाव में 125 वोट मिले जबकि यूपीए के उम्मीदवार बीके हरिप्रसाद को 105 वोट मिले। 02 सदस्य वोटिंग से अनुपस्थित रहे थे। राज्यसभा में मौजूदा आंकड़ा 244 का है। जब सदन में सभी सदस्य मौजूद रहते हैं तो जीत के लिए 123 सदस्यों की जरूरत होती है। उपसभापति का पद इस्तीफा, पद से हटाए जाने या इस पद पर आसीन राज्यसभा सांसद का कार्यकाल समाप्त होने के बाद खाली हो जाता है। पूर्व उपसभापति प्रोफेसर पीजे कुरियन का कार्यकाल 01 जुलाई को खत्म हो गया था, जिस कारण यह पद खाली था।

राज्य सभा के उपाध्यक्षों की सूची: (वर्ष 1952 से 2018 तक)

राज्यसभा उपाध्यक्ष (उपसभापति)	**कार्यकाल व राजनीतिक दल**
एस. वी. कृष्णमूर्ति राव	31 मई 1952 से 02 अप्रैल 1956 तक (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)
एस. वी. कृष्णमूर्ति राव	25 अप्रैल 1956 से 01 मार्च 1962 तक (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)
वायलेट अल्वा	19 अप्रैल 1962 से 02 अप्रैल 1966 तक (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)
वायलेट अल्वा	07 अप्रैल 1966 से 16 नवम्बर 1969 तक (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)
भाऊराव देवाजी खोब्रागडे	17 दिसंबर 1969 से 02 अप्रैल 1972 तक (भारतीय रिपब्लिकन पार्टी)
गोदे मुरहारी	04 अप्रैल 1972 से 02 अप्रैल 1974 तक (संयुक्त समाजवादी दल)
गोदे मुरहारी	26 अप्रैल 1974 से 20 मार्च 1977 तक (संयुक्त समाजवादी दल)
राम निवास मिर्धा	30 मार्च 1977 से 04 अप्रैल 1980 तक (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)
श्याम लाल यादव	30 जुलाई 1980 से 04 अप्रैल 1982 तक (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)

श्याम लाल यादव	28 अप्रैल 1982 से 29 दिसंबर 1984 तक (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)
नजमा हेपतुल्ला	25 जनवरी 1985 से 20 जनवरी 1986 तक (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)
एम. एम. जेकब	02 फरवरी 1986 से 22 अक्टूबर 1986 तक (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)
प्रतिभा देवी सिंह पाटिल	18 नवम्बर 1986 से 05 नवंबर 1988 तक (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)
नजमा हेपतुल्ला	11 नवम्बर 1988 से 04 जुलाई 1992 तक (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)
नजमा हेपतुल्ला	10 जुलाई 1992 से 04 जुलाई 1998 तक (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)
नजमा हेपतुल्ला	09 जुलाई 1998 से 10 जून 2004 तक (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)
के. रहमान खान	22 जुलाई 2004 से 02 अप्रैल 2006 तक (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)
के. रहमान खान	12 मई 2006 से 02 अप्रैल 2012 तक (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)
पी जे कुरियन	21 अगस्त 2012 से 01 जुलाई 2018 तक (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)
हरिवंश नारायण सिंह	09 अगस्त 2018 से अब तक [राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए)]